वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : कुलसचिव,
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय, जौनपुर।

पत्रांक : 88/पू.वि.वि./महिला अध्ययन केन्द्र/2025
दिनांक : 01 मार्च, 2025

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/विभागाध्यक्ष**
   विश्वविद्यालय परिसर

2. **समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक,**
   सम्बद्ध महाविद्यालय,
   वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि०वि०, जौनपुर।

3. **समन्वयक/प्रभारी**
   एन०एस०एस०/रोवर्स रेंजर्स/एन०सी०सी०

विषयः पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" एवं "दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा" एवं "नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" कार्यक्रम दिनांक 07 मार्च, 2025 को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा० कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव के पत्र सं० ई–1313/32–जी०एस०/2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 एवं पत्र सं० ई–1314/32–जी०एस०/2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 में दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 07 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से मध्यान 12.00 बजे तक "पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" तथा अपरान्ह 12.15 बजे "दहेज मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" एवं "नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" का कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांव में आयोजित होना है।

1. **पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय" कार्यक्रम को पूर्ण करने में निम्नवत् बिन्दुओं को ध्यान रखा जाये :–**
   1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढ़ेंगें ।
   2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर जनरेट गूगल फार्म (https://forms.gle/kZmCFnaxZKZ3ELer5) पर किया जायेगा। गूगल फार्म का लिंक सम्बन्धित को पृथक से व्हाट्स ऐप पर भी प्रेषित किया जायेगा।
   3. पुस्तक पढने हेतु स्थान का निर्धारण कर लिया जाय। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय ध्महाविद्यालय अपने–अपने परिसर में आयोजित करेंगें।
   4. जहाँ तक सम्भव हो पुस्तक का पाठन एक आकृति बनाकर किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गावों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाय।
   5. कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय। जिसे दिनांक 07 मार्च, 2025 को ही अपन्ह 3.00 बजे तक ई–मेल आई०डी०–constitutionpledgevbspu@gmail.com पर प्रेषित किया जाय।

2. **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा" एवं "नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" कार्यक्रम को पूर्ण करने में निम्नवत् बिन्दुओं को ध्यान रखा जाये :–**
   1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढ़ेंगें ।
   2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर जनरेट गूगल फार्म (https://forms.gle/kZmCFnaxZKZ3ELer5) पर किया जायेगा। गूगल फार्म का लिंक सम्बन्धित को पृथक से व्हाट्स ऐप पर भी प्रेषित किया जायेगा।

3. दोनों शपथ कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय। जिसे दिनांक 07 मार्च, 2025 को ही अपन्ह 3.00 बजे तक ई–मेल आई0डी0– missionshaktivbspu@gmail.com पर प्रेषित किया जाय।

नोट– **दोनों कार्यक्रमों की रिपोर्ट, जीओ टैग फोटो व 30 सेकेण्ड का वीडियो पत्र में दी गयी पृथक–पृथक ई–मेल आई0डी0 पर ही प्रेषित किया जाना है। सभी सम्बन्धित उक्त कार्यक्रम को गम्भीरता से लेते हुए शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। क्योंकि राजभवन, लखनऊ से विश्वविद्यालयवार इसकी मानिटरिंग की जायेगी।**

संलग्नक : **शपथ पत्र का प्रारूप।**

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक ।
2. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव